06 कैंसर जैसी बीमारी से बचना है तो जैविक...



07 महामाई महोत्सव का समापन


## खबर संक्षेप

### फरार आरोपी को पुलिस ने भोपाल से दबोचा

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन तथा एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे व सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। आरोपी शादाब हुसैन (23) निवासी भोपाल को 28 मार्च को दबिश देकर पकड़ा गया।

### अरिहंत विहार में रत्नत्रय विधान

**विदिशा।** नव निर्माणाधीन श्री नेमीनाथ जिनालय, अरिहंत विहार में वेदी एवं शिखर शिलान्यास के प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा एवं श्री रत्नत्रय विधान का आयोजन हुआ। शोभायात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें महिलाएं 150 कलश सिर पर धारण कर एवं जिनवाणी के साथ शामिल हुईं। मार्ग में साधर्मियों ने रंगोली सजाकर श्रीजी की आरती से मंगल स्वागत किया। नवीन मंदिर स्थल पर श्रीजी का अभिषेक पूजन एवं ध्वजारोहण संपन्न हुआ। मेरठ से पधारे विद्वान मनीष शास्त्री ने प्रवचन में जिन प्रतिमा, शास्त्र और आत्मानुभूति का महत्व बताया। प्रतिष्टाचार्य पंडित अभिनंदन के निर्देशन में वेदी एवं शिखर स्थल की शुद्धि विधि सम्पन्न हुई। 29 मार्च को स्वर्ण, रजत व कांस्य शिला से शिलान्यास होगा तथा हीरक जयंती विशेषांक पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा।

### शोभायात्रा निकालकर मनाई गई रामनवमी

**शमशाबाद।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, सूर्य नगर प्रखंड द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर शोभायात्रा एवं आकर्षक चल समारोह का निकाला गया। पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला संयोजक सपन दिलेरिया, जिला सह संयोजक जितेंद्र दांगी, जिला सुरक्षा प्रमुख हर्ष राजपूत, प्रखंड अध्यक्ष लोकेश साहू, प्रखंड सह संयोजक रितिक कुशवाह, प्रखंड गोरक्षा प्रमुख लोकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संजय मेहर, प्रदीप कुशवाह, नगर मंत्री तनिष जैन, नगर गोरक्षक यशपाल राजपूत, बिट्टू शर्मा सहित प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### जिले की सभी 16 रेत खदानों का मौके पर निरीक्षण कर कार्रवाई की गई

# राज्य स्तरीय दल ने अवैध तरीके से रेत का परिवहन कर रहे 12 वाहनों को जब्त किया



**विदिशा।** राज्य स्तरीय टीम द्वारा रेत खदानों पर जाकर जांच की तो ज्यादातर स्थानों पर रेत का अवैध उत्खनन करते हुए वाहन जब्त किए गए।

- रेत खदानों पर प्रतिबंध होने के बाद भी हो रहा है खनन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म द्वारा गठित राज्य स्तरीय दल ने विदिशा में 24 से 27 मार्च तक सघन निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जिले की सभी 16 रेत खदानों का मौके पर निरीक्षण किया गया, जिससे खनन गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान टीम ने अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए खनिजों का अवैध परिवहन करते 11 वाहन (डम्पर एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली) तथा अवैध उत्खनन करते 01 वाहन (ट्रैक्टर-ट्रॉली) को जप्त किया। इस प्रकार कुल 12 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जो प्रशासन की सख्ती को दर्शाता है। जब्त किए गए वाहनों को संबंधित पुलिस थाना कुरवाई, शहर बासोदा, गुलाबगंज, देहात बासौदा, कररिया एवं खनिज कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है। सभी मामलों में विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी ने बताया है कि संबंधित वाहन संचालकों एवं अवैध उत्खनन परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है। इन प्रकरणों को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां आगे की वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। भविष्य में भी इस प्रकार के सघन निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे, ताकि खनिज संपदा की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### विधायक मीना ने सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया

**विदिशा।** शमशाबाद क्षेत्र के विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने ग्राम पंचायत गुरोद में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। विधायक ने कहा कि भवन बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और शासकीय कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीणों को एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। ग्रामीणों ने आभार जताते हुए शीघ्र निर्माण पूर्ण कराने की मांग की।

### उत्साह से मनाया रामनवमी का पर्व

**शमशाबाद।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, सूर्य नगर प्रखंड द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं आकर्षक चल समारोह का निकाला गया। पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला संयोजक सपन दिलेरिया, जिला सह संयोजक जितेंद्र दांगी, जिला सुरक्षा प्रमुख हर्ष राजपूत, प्रखंड अध्यक्ष लोकेश साहू, प्रखंड सह संयोजक रितिक कुशवाह, प्रखंड गोरक्षा प्रमुख लोकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संजय मेहर, प्रदीप कुशवाह, नगर मंत्री तनिष जैन, नगर गौरक्षक यशपाल राजपूत, बिट्टू शर्मा सहित प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के द्वारा सिविल लाइन थाना में दर्ज अपराध के फरार आरोपी जितेन्द्र उर्फ नितिन पुत्र खिलान सिंह निवासी उदयनगर कॉलोनी और जितेन्द्र कुशवाह निवासी विदिशा की सूचना देने वालों को दो-दो हजार रुपए की नकद राशि देने की घोषणा की है।

# व्यापार महासंघ के 6 पदों के लिए आज मतदान होगा


**विदिशा।** टेंडर वोट डालने की प्रक्रिया संपन्न कराते हुए निर्वाचन अधिकारी।

- सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

व्यापार महासंघ के वर्ष 2026-2029 के लिए चुनाव के लिए आज वोटिंग होगी। अध्यक्ष पद के लिए राजेश जैन और राजीव जैन (गट्टू) के बीच सीधा मुकाबला है।

चुनाव अधिकारियों के अनुसार महासंघ में अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्री और संयुक्त मंत्री समेत कुल 6 पदों के लिए चुनाव होंगे। शहर के 36 व्यापारी संगठनों के सदस्य नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। आज सुबह 10 बजे से 1 बजे तक वोटिंग होगी। 2 बजे से मतों की गिनती शुरू होगी और शाम 5 बजे तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। व्यापार महासंघ के कुल 179 मतदाता हैं। जिसमें से 7 टेंडर वोट डाले जा चुके हैं अब 172 वोट डलना शेष है। वरिष्ठ मंत्री पद पर जितेंद्र जैन पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।


राजीव जैन (गट्टू)


राजेश जैन

### 7 टेंडर वोट डाले गए

व्यापार महासंघ के चुनाव के तहत शनिवार को टेंडर वोटिंग प्रक्रिया हुई। इस दौरान कुल 7 वोट डाले गए। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ और किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति सामने नहीं आई। चुनाव प्रक्रिया को लेकर व्यापारियों में उत्साह देखा गया।

### इनके बीच मुकाबला

**महामंत्री:** उमेश सिंघल, राजेश सोनी (खुवाल), नरेन्द्र सोनी
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** हरीश वाधवानी, आशीष मोदी
**उपाध्यक्ष:** नीरज चौरसिया, आशीष माहेश्वरी
**संयुक्त मंत्री:** अनुराग गोयल, राजकुमार नेमा, विवेक शर्मा,
**कोषाध्यक्ष:** राजकुमार अग्रवाल, मनीष जैन

### एनएचएम कर्मचारियों व आशा कार्यकर्ताओं को दो दिन में आधार सत्यापन पूरा करने के निर्देश

**विदिशा।** सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को शत-प्रतिशत आधार सत्यापन दो दिवस में पूर्ण करने के निर्देश जारी किए हैं। राज्य कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 455 एनएचएम कर्मचारियों में से 425 का ही सत्यापन हो सका है, जबकि शेष लंबित है। सीएमएचओ ने लंबित कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि वे आज सुबह 11 बजे सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से सत्यापन कराएं।

### विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने दिलाई नरवाई न जलाने की शपथ, किए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**विदिशा।** शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम गुरोद में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। इस दौरान विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचती है, मिट्टी की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है।

## दीपक बौद्ध की जमानत निरस्त कर रासुका लगाने की मांग की



**विदिशा।** रामनवमी के अवसर पर निकली शोभायात्रा के दौरान रघुवंशी समाज ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपी दीपक बौद्ध की जमानत निरस्त कराने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने तथा उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि समाज विरोधी तत्वों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### वाहन चेकिंग में 1.88 लाख राजस्व वसूला



**विदिशा।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर विदिशा के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा द्वारा ग्यारसपुर और सागर रोड क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 8 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। 5 वाहनों से शमन शुल्क 1 लाख 14 हजार रुपए तथा मोटरयान कर 74 हजार 350 रुपए वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 1 लाख 88 हजार 350 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

# साहित्यिक संध्या: सुप्रसिद्ध कवि शैलेंद्र चौहान के सम्मान में काव्य संध्या की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा मानव सेवा न्यास परिसर में सुप्रसिद्ध कवि-आलोचक शैलेन्द्र चौहान की मौजूदगी में एक गरिमामय काव्य-संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर के साहित्यकारों, कवियों और संस्कृति-प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शैलेन्द्र चौहान का सम्मान और काव्य-पाठ रहा। उनकी कविताओं में समकालीन सामाजिक-राजनीतिक यथार्थ, लोकतंत्र की जटिलताएँ, इतिहास की विडंबनाएँ, युद्ध और मानवीय संकट जैसे विषय प्रभावी ढंग से उभरे। उन्होंने कहा कि कविता केवल सौंदर्यबोध नहीं, बल्कि समय के सच को दर्ज करने का नैतिक दायित्व भी है। काव्य-पाठ सत्र में राजेंद्र श्रीवास्तव, आनंद सौरभ उपाध्याय और हरगोविंद मैथिल ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रस्तुतियों में जनपक्षधरता, सामाजिक विसंगतियां और मानवीय संवेदनाओं के विविध आयाम मुखरित हुए। आयोजकों ने बताया कि विदिशा से चौहान का गहरा संबंध रहा है और यहीं के अनुभवों ने उनकी साहित्यिक चेतना को आकार दिया। प्रोफेसर अस्मुरारी नंदन मिश्र का संदेश भी पढ़ा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. शीलचंद पालीवाल ने की। संचालन सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया तथा आभार ज्ञापन न्यास के सचिव सुनील जैन ने माना।



**विदिशा।** मानव सेवा न्यास में किया गया काव्य-संध्या का आयोजन।

### राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में ओलंपस हाई के वेदांश प्रथम, 5000 का पुरस्कार मिला



**विदिशा।** सांची यूनिवर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट इंडिक स्टडीज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई स्कूल के कक्षा 10 के छात्र वेदांश विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सांची में किया गया, जिसमें सांची, विदिशा, रायसेन, भोपाल, सीहोर और सलामतपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की थीम 'आध्यात्मिक स्पर्श—प्राचीन अतीत की महिमा और वर्तमान भारतवर्ष; उसकी उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ' रही। 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग में वेदांश ने उत्कृष्ट चित्रांकन के आधार पर प्रथम स्थान हासिल कर 5000 की नकद राशि प्राप्त की। वहीं विद्यालय के छात्र ज्ञानेश गोस्वामी ने चतुथ स्थान प्राप्त कर 500 का सांत्वना पुरस्कार जीता। इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### अखंड रामायण समापन पर विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



**ग्यारसपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां बिजासन देवी मैया पहाड़ों वाली माता के दरबार में नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ का समापन रामनवमी पर विधि-विधान और यज्ञ के साथ हुआ। इसके पश्चात शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में मां बिजासन देवी मंडली और नगरवासियों ने सेवा दी। कन्याओं के सम्मान में जगदीश शर्मा व दीपेश शर्मा परिवार ने पानी की बोतल और टिफिन बॉक्स भेंट किए।



## खबर संक्षेप

### शानवी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** डॉल्फिन स्कूल में कक्षा 1 की छात्रा शानवी नायक पुत्री नीतेश साधना नायक ने अपनी वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शानवी ने परीक्षा में 91 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। शानवी की इस उपलब्धि पर उसके परिजनों और शुभचिंतकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### शिवानी ने बनाई आकर्षक श्रीराम रंगोली



**गंज बासौदा।** रामनवमी के पावन अवसर पर गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में राजेंद्र नगर, वार्ड क्रमांक 20 निवासी तखतसिंह सेन की पुत्री शिवानी ने राम कला का सुंदर प्रदर्शन किया। उनकी बनाई रंगोली ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया और सभी ने उनकी सराहना की। उल्लेखनीय है कि शिवानी सेन पूर्व में भी विभिन्न धार्मिक अवसरों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी हैं। नवरात्रि के दौरान उन्होंने माता रानी की सुंदर रंगोली बनाई थी, वहीं राम नवमी पर भी उन्होंने भगवान श्रीराम की मनमोहक रंगोली तैयार की। इसके अलावा महाशिवरात्रि पर बनाई गई शिव-पार्वती की रंगोली को भी लोगों ने खूब सराहा था। इस बार भी उनकी रंगोली को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक एवं श्रद्धालु पहुंचे और उनकी कला की जमकर सराहना की।

### साप्ताहिक श्रमदान आज

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवम जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल गंज बासौदा द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 25 वां चरण 29 मार्च को बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट गंज बासौदा पर आयोजित किया जा रहा है। श्रमदान दल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि नदी स्वच्छता अभियान से जुड़ें व साझेदार बनें।

## कृषि विकास योजना की जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# कैंसर जैसी बीमारी से बचना है तो जैविक खेती अपनाना होगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






शनिवार को दादजी प्लाजा में कृषि विभाग अंतर्गत परंपरागत कृषि विकास योजना की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला सिरोंज एवं गंजबासौदा में चल रही परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी।

उक्त योजना का उद्देश्य फसल उत्पादन की परंपरागत तकनीक का प्रचार प्रसार करना है ताकि विपरीत परिस्थितियों में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए जैविक उत्पाद पैदा किया जा सके। क्योंकि जैविक उत्पाद मिट्टी एवं मनुष्य के स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर होते हैं और यह भूमि तथा मनुष्य को बीमारियों से बचाते हैं। इनका उपयोग किया जाना नितांत आवश्यक है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि आज रासायनिक खेती के कारण मनुष्य में कैंसर जैसी बीमारियों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ती जा रही है। इस पर रोक लगाने के लिए प्रत्येक कृषक को कम से कम स्वयं के परिवार एवं रिश्तेदारों के लिए अपनी खेती का कुछ हिस्सा तो जैविक खेती के रूप में करना ही चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि स्थाई समिति बासौदा के अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी ने भी गौ पालन पर जोर देते हुए कहा कि गौवंश पालन से उनके गोबर और मूत्र से जैविक खाद और दवाइयां बनाकर खेती में बहुत सुधार किया जा सकता है। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. विनोद गर्ग, कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश पटेल तथा कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा ने भी पारंपरिक कृषि तकनीक के बारे में उपस्थित कृषकों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की।

उक्त कार्यशाला में विदिशा से आए कृषि विभाग के उप संचालक के एस खपेड़िया ने भी कृषकों को संबोधित किया तथा कृषि विभाग से चलने वाली योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी तथा कृषकों से बेहतर नरवाई प्रबंधन करने का आग्रह किया एवं उपस्थित समस्त कृषकों एवं जन समुदाय को नरवाई ना जलाने हेतु शपथ भी दिलाई गई। उक्त कार्यशाला भारत सरकार की योजना परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। कार्यशाला के जिले में एनजीओ पार्टनर ईश एग्रीटेक के जिला प्रतिनिधि शुधात्म जैन ने वीडियो एवं पीपीटी के माध्यम से एनजीओ द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर एवं ब्लॉक तकनीक प्रबंधक अशोक रघुवंशी ने भी कृषकों को संबोधित किया एवं उपस्थित कृषकों हेतु प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर कृषि संबंधी प्रश्नों के सही जवाब देने वाले कृषकों को पुरस्कृत भी किया। संगोष्ठी का संचालन कृषि विभाग के जिला सलाहकार डॉ. डीके तिवारी द्वारा किया गया, कार्यशाला में लगभग 180 कृषक मौजूद थे। कृषकों ने भी अपने अनुभव एवं जिज्ञासाओं को व्यक्त किया।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया उपजेल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने उपजेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की स्थिति देखी। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने जेल में व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताते हुए प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर, जेलर आलोक कुमार भार्गव सहित समस्त स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## राम जन्मोत्सव, पटोत्सव के बीच संपन्न हुआ दिव्य महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी के तट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में आयोजित नवदिवसीय महाप्रभु जगन्नाथ एवं भगवान श्री सीताराम के द्वितीय पाठ महोत्सव और भक्तमाल कथा का समापन शनिवार को शिवलोक निर्माण के संकल्प के साथ किया गया। नौ दिनों तक चले इस आयोजन में कथा, भजन, पूजन, श्रृंगार और भोग के विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

महोत्सव के दौरान भगवान श्रीराम जन्मोत्सव और भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के पटोत्सव की विशेष धूम रही। इन नौ दिनों में जहां एक ओर संतों और भक्तों के जीवन चरित्रों ने श्रद्धालुओं के हृदय को स्पर्श किया, वहीं भगवान श्रीराम जन्मोत्सव की गूंज ने वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। छप्पन भोग की सेवा, महाप्रभु का अलौकिक श्रृंगार और सतत कथा प्रवाह ने इस आयोजन को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक दिव्य अनुभूति में परिवर्तित कर दिया। संतों के सान्निध्य, भक्तों की सहभागिता और समाज के हर वर्ग की उपस्थिति ने इस महोत्सव को सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बना दिया। श्री राम नवमी पर आश्रम में विराजित भगवान सीताराम जी का दिव्य और मनोहारी श्रृंगार ऐसा था कि हर दर्शन करने वाला ठहर गया। श्री सीताराम की सुंदर छवि को वह निहारता और भीतर तक भावों में डूब जाता। रामनवमी महोत्सव के यजमान नरेश गुप्ता द्वारा प्रभु को छप्पन भोग अर्पित कराया गया। श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने राम जन्मोत्सव की मौके पर जब अपने करकमलों से भक्तों को राम जन्म की बधाई दी, तो वह केवल शब्द नहीं थे, वह आशीर्वाद था, अपनत्व था, जो हर हृदय में उतर गया। शनिवार को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के पटोत्सव पर यजमान मनीष पाठक द्वारा 96 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। महाप्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। उद्योगपति राकेश मरखेडकर अपनी धर्मपत्नी सहित इस पावन आयोजन में सहभागी बने और श्रीमहंत से आशीर्वाद लिया। चैत्र नवरात्रि के मौके पर उनके गृह ग्राम चंपाखेड़ी में 161 ब्राह्मणों द्वारा संपन्न शतचंडी यज्ञ संपन्न कराया जा रहा था। जिसकी पूर्णाहुति के पश्चात वह नौलखी आश्रम पहुंचे और राम जन्मोत्सव में शामिल हुए।

मरखेडकर नौलखी आश्रम में विराजित भगवान श्री सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा के भी यजमान रहे थे। आश्रम की ओर से भक्तमाल कथा के समापन मौके पर कथा व्यास डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री का सम्मान महंतश्री राम मनोहर दास महाराज सहित नगेंद्र उपाध्याय, परमाल सिंह राजपूत, मुरारीलाल अग्रवाल, रवि उपाध्याय, रघुवीर सिंह रघुवंशी, विजय सिंह रघुवंशी, भानूसिंह ठाकुर, देवेंद्र रघुवंशी एवं विकास मिश्रा द्वारा शाल-श्रीफल भेंट कर किया गया।

## शॉर्ट सर्किट के चलते आए दिन लग रही केबल में आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा डाली गई केबल लाइनों में इन दिनों शॉर्ट सर्किट के चलते आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। शनिवार को गोकुल धाम क्षेत्र में केबल लाइन में अचानक आग लग गई। जिसके बाद बिजली प्रदाय बंद हो गया। इस संबंध में जब उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत वितरण कंपनी के दूरभाष पर शिकायत दर्ज कराना चाही गई तो कंपनी के कर्मचारियों का कहना था कि आप कंपनी के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराऐं। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है कि जब तक टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है तब तक बहुत समय लग जाता है। ऐसे में किसी दिन बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इससे पूर्व भी नेहरू चौक क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से विद्युत खंबे के बॉक्स में आग लग गई थी। आग लगने की इस घटना में विद्युत मंडल कर्मचारियों की सबसे बड़ी लापरवाही यह रही थी कि केबलों के लिए लगाए गए बॉक्स को खुला छोड़ दिया जाता है। बॉक्स खुला होने के कारण गिलहरियों ने वहां अपना घोंसला बना लिया, जिससे यह घटना घटित हो गई है। विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत अधिकारियों से विद्युत खंभों पर लगे बॉक्स को बंद करने की मांग की है।

## डॉल्फिन के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




राज्य शिक्षा केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा गत दिवस कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डॉल्फिन विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 5 में कुल 144 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें छात्रा काव्या जैन ने विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्रा गौरी पाठक ने द्वितीय स्थान, छात्रा आन्या तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 वीं का परीक्षा परिणाम 96.53 प्रतिशत रहा।

कक्षा आठवीं की परीक्षा में 223 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 32 विद्यार्थियों ने A+ ग्रेड, 77 विद्यार्थियों ने A ग्रेड, 74 विद्यार्थियों ने B+ ग्रेड, 31 विद्यार्थियों ने B+ तथा 3 विद्यार्थियों ने c+ प्लस ग्रेड प्राप्त किया। कक्षा आठवीं का कुल परीक्षा परिणाम 96.83 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा श्रेया मेहता व प्रतिभा कुशवाहा ने विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्रा डिंपल रघुवंशी ने द्वितीय स्थान तथा छात्र आर्यन जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक विद्यालय में पुरस्कृत कर मिष्ठान वितरण किया गया।

प्राचार्य संदीप जेटली, हाई स्कूल प्रभारी नीतू तनवानी, माध्यमिक विभाग प्रभारी सुधा दीक्षित, प्राथमिक विभाग प्रभारी रेखा राजपूत तथा पूर्व प्राथमिक प्रभारी अनुभा रिछारिया सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाइयां देकर उन सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

## स्टेडियम की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर विधायक ने किया निरीक्षण



**गंजबासौदा।** गत दिवस शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय परिसर स्थित स्टेडियम और ग्राउंड की सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मैदान में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से चर्चा कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को जाना। यह मैदान युवा पैरामिलिट्री फोर्स सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए उपयोग करते हैं। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि पहले सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्री वॉल कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है। इस पर विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर मुख्य गेट निर्माण कराने पर सहमति दी। साथ ही दक्षिण दिशा में टूटी बाउंड्री को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। मैदान के पूर्वी हिस्से में बने अस्थायी मार्गों को व्यवस्थित करने के लिए ग्राम पंचायत के माध्यम से नाला निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिससे आवागमन भी सुचारू रहेगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। निरीक्षण के दौरान आसपास के रहवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनी गईं। एसडीएम अनुभा जैन की उपस्थिति में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम जैसी व्यवस्था विकसित की जाएगी तथा नए भवन के पास खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र में खेल गतिविधियों और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण निभाएगी।

### सार्थक ने अर्जित किया कक्षा में द्वितीय स्थान



**गंजबासौदा।** नवांकुर विद्यापीठ अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 4 के छात्र सार्थक नायक पुत्र नीतेश साधना नायक ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर कक्षा में द्वितीय स्थान अर्जित किया है। सार्थक की इस उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित समारोह में उसे परीक्षा परिणाम एवं आगामी कक्षा की पाठ्यपुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया गया। सार्थक की इस उपलब्धि पर उसके अभिभावकों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## पेट्रोल पंप संचालकों से की चर्चा

# एसडीएम ने बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पेट्रोल पंपों पर अफवाह के चलते पेट्रोल-डीजल लेने उमड़ी भीड़ के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। जिसको लेकर एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी एवं तहसीलदार अरविंद यादव की उपस्थिति में पटवारी सभागृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों निर्देशित किया गया कि किसी को भी कंटेनर में पेट्रोल नहीं दिया जाए और किसानों को प्राथमिकता से डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, साथ ही आपात स्थिति के लिए पयाप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पेट्रोल पंप संगठन के अध्यक्ष मुकेश राजपूत ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, बल्कि अफवाह के कारण खपत अचानक बढ़ गई है। जिन पंपों पर समान्य रूप से 1500 लीटर की खपत होती थी, वहां यह बढ़कर 5000 लीटर तक पहुंच गई है। लोग वाहनों के टैंक फुल कराने के सथ अतिरिक्त भंडारण भी कर रहे हैं. जिससे पंपों पर भीड़ बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से पंपों पर पुलिस सुरक्षा की मांग की है, कुछ स्थानों पर सुबह स्टॉक की कमी देखी गई, लेकिन दोपहर तक टैंकर पहुंचने के बाद सप्लाई सामान्य हो गई। सप्लाई टैंकरों की संख्या कम होने से थोड़ी देरी हो रही है, जबकि प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक में स्पष्ट कहा कि पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। बैठक में एसडीएम, एसडीओपी ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

## नरवाई में आग से होने वाले नुकसान को लेकर दिए दिशा निर्देश

**गंजबासौदा।** एसडीएम अनुभा जैन द्वारा पत्र जारी कर निर्देश दिए गए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों द्वारा फसल काटने के बाद खेत में आग लगाकर खेत साफ किया जाता है, जिसके कारण आसपास के ग्रामों तथा समीपस्थ वनक्षेत्रों में वन संपदा के जलने का भय रहता है। साथ ही खलिहानों से गुजर रही विद्युत लाइनों में स्पार्किंग आदि होने से आग लगने की भी संभावना बनी रहती है, साथ ही रबी फसलों गेहूं कृषकों द्वारा नरबाई जलाने से भीषण अग्नि दुर्घटनाएं घटित होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। गेहूं की कटाई उपरांत कारण अकारण ही जानमाल की क्षति होने का खतरा बना रहता है। उक्त संबंध में Act 1981 के अंतर्गत फसलों की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी यदि कृषक द्वारा नरवाई में आग लगाई जाती है, तो उनके विरुद्ध पर्यावरण विभाग द्वारा प्रसारित नोटिफिकेशन अनुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जाऐगी। ऐसी स्थिति में नरवाई जलाने से अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि संबंधित क्षेत्रानुसार नगरीय स्तर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी निकाय में उपलब्ध समस्त फायर बिग्रेडों को हमेशा पानी से भरे रखें तथा फायर बिग्रेड पर अग्निशामन दल गठित कर ड्यूटी लगाऐं एवं ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंचायत स्तर पर उपलब्ध टैंकरों को सचिव, रोजगार सहायक के माध्यम से हमेशा पानी से भरे रखें व पानी के टैंकरों में मोटर अथवा पम्प की व्यवस्था फायर बिग्रेड के समान पानी के छिड़काव हेतु सुनिश्चित करें। जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल फायर बिग्रेड एवं आसपास की पंचायतों से घटना स्थल पर आग बुझाने हेतु पानी टैंकरों को मौके पर भेजा जा सके। साथ ही विकासखण्ड के किसी भी स्थान पर नरवाई में आग लगने पर संबंधित ग्राम के सरपंच, सचिव, वार्ड प्रभारी तत्काल उक्त संबंध में सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें, साथ ही नरवाई जलाने वाले, आगजनी करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके संबंध में वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है।

## अव्यवस्थित ई-रिक्शा, ऑटो बने यात्रियों की मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अव्यवस्थित तरीके से ई रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा खड़े किए जाने से रेल यात्रियों का रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर निकलना मुश्किल हो गया। जिसके चलते यहां पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रेनों से आने वाले यात्री परिवर्तित मार्ग से ही आते-जाते हैं। बाहर का गेट ऑटो रिक्शा के लिए खोले जाने के बाद जैसे ही ट्रेन आती है, ई-रिक्शा परिवर्तित मार्ग के आसपास खड़े हो जाते हैं। इसके कारण यात्रियों को बस्ती में जाने के लिए ऑटो रिक्शा के बीच से ही निकलना पड़ता है। ऐसे में जाम के हालात बन जाते हैं।

सुबह से शाम तक रेलवे स्टेशन से लगभग 6000 से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा बेतरतीब खड़े होने के कारण यात्रियों का बाहर निकलना भी दूभर हो रहा है। आरपीएफ और रेलवे कर्मचारी भी कई बार समझाइश दे चुके हैं। इसके बावजूद ई-ऑटो चालक नियम निर्देशों को ताक पर रखकर अव्यवस्था फैला रहे हैं। कई बार यात्रियों के साथ विवाद की स्थिति भी बन चुकी है। रेल यात्रियों का कहना है कि रेलवे परिसर में सिविल पुलिस हस्तक्षेप नहीं करती। इसके लिए आरपीएफ को सख्त कार्रवाई करना चाहिए। ताकि सर्कुलेटिंग एरिया में बिगड़े हालातों को सुधारा जा सके। नहीं तो कभी भी बड़ा विवाद हो सकता है।

पूर्णाहुति, फूलों की होली, राम राज्याभिषेक और भंडारे का हुआ आयोजन

# महामाई महोत्सव का समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्री महामाई परिसर में बीते कई दिनों से चल रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शनिवार को अत्यंत भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच विधिवत समापन हुआ।

श्री विद्या दुर्गा शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति, रामलीला एवं रासलीला के अंतिम मंचन, असत्य के प्रतीक रावण एवं कुंभकर्ण के वध के सजीव प्रसंग, भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक तथा विशाल भंडारे के आयोजन के साथ महामाई महोत्सव सम्पन्न हुआ। महामाई सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह महोत्सव इस वर्ष भी आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत संगम बना रहा। शनिवार को प्रातः से ही यज्ञ की पूर्णाहुति की तैयारियाँ प्रारंभ हो गई थीं। प्रधान पुजारी एवं धर्माचार्य पंडित नालिनी कांत शर्मा तथा अन्य यज्ञाचार्यों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### सेवा व भक्ति का अत्यंत भावपूर्ण रहा दृश्य

इस अवसर पर नव कन्या पूजन का विशेष आयोजन किया गया। साथ ही साधु-संतों को ससम्मान भोजन कराकर उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और सेवा का यह दृश्य अत्यंत भावपूर्ण रहा। सायंकाल ब्रज की परंपरा के अनुसार फूलों की होली का आयोजन किया गया। पिचकारियों में केसरिया रंग भरकर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे पर रंग और पुष्पों की वर्षा की। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और पूरा महामाई परिसर रंग-बिरंगे फूलों और भक्ति के उल्लास से सराबोर नजर आया। वहीं रामलीला एवं रासलीला के अंतिम मंचन में भगवान श्रीराम द्वारा रावण एवं कुंभकर्ण के वध का प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इसके साथ ही भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का मनोहारी दृश्य भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान राधोगढ़ की प्रसिद्ध पारंपरिक एवं आधुनिक आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही, जिसने पूरे वातावरण को और भी भव्य बना दिया।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

देर शाम से प्रारंभ हुए विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भोजन प्रसादी की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी, जो देर रात तक निरंतर चलती रही। महामाई सेवा समिति द्वारा भोजन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु 11 वितरण केंद्र बनाए गए तथा 22 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने समन्वय बनाते हुए श्रद्धालुओं को सुगमता से प्रसादी वितरण सुनिश्चित किया। सहयोगी दलों, सैकड़ों स्वयं सेवकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से योगदान दिया। साथ ही बैठने की उचित व्यवस्था, अलग-अलग परोस व्यवस्था, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक निकासी मार्ग सहित सभी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। इसके परिणामस्वरूप भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था देखने को नहीं मिली।

### प्रशासन भी रहा मुस्तैद

कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा, वाहन पार्किंग, पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। नगरपालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पीडब्ल्यूडी, जनपद पंचायत एवं राजस्व विभाग सहित समस्त प्रशासनिक अमले ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 14 मार्च से प्रारंभ हुआ श्री महामाई मेला का शनिवार को विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर महामाई सेवा समिति के संरक्षक एवं विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा समस्त धर्माचार्यों, आयोजनकर्ताओं, समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

धुरंधर-2 ने विदेशों में बसे भारतीयों में भी बनाई पहचान

# कलाकार को अनुशासन, नैतिकता और संवेदनशीलता सिखाता है थिएटर : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



थिएटर की गहराई, सिनेमा की व्यापकता और समाज के प्रति सच्चाई की प्रतिबद्धता इन तीनों के संगम का नाम है संजय मेहता। फिल्म धुरंधर-2 में अपने चर्चित किरदार अब्दुल भूटोवी से सुर्खियों में आए मेहता, अभिनय को केवल पेशा नहीं, बल्कि साधना मानते हैं। उनके विचारों में भारतीय रंगमंच की जड़ों से जुड़ी समझ, सिनेमा की सामाजिक भूमिका और कलाकार की नैतिक जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से झलकती है। उनका मानना है कि नाट्यशास्त्र केवल कला नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला शास्त्र है और यही सोच उन्हें एक सजग और संवेदनशील कलाकार बनाती है। रंगमंच दिवस पर उन्होंने ह्स्वदेश से रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर बात की।

### धुरंधर 2: सफलता से परे सच्चाई की जीत

फिल्म धुरंधर 2 संजय मेहता के करियर का अहम मोड़ साबित हुई। बड़े बजट में बनी इस फिल्म की अप्रत्याशित सफलता ने उन्हें भी चौंकाया। हालांकि शूटिंग के दौरान उन्हें फिल्म की संभावनाओं का अंदाजा था, लेकिन इतनी बड़ी उपलब्धि की उम्मीद नहीं थी। वे इस सफलता का श्रेय फिल्म की कहानी और उसकी सच्चाई को देते हैं। फिल्म में ऐसे संवेदनशील और जटिल विषयों को उठाया गया है, जो आमतौर पर सार्वजनिक विमर्श से दूर रहते हैं। यही कारण है कि जहां दर्शकों ने इसे सराहा, वहीं कुछ वर्गों ने इसे प्रोपेगेंडा के रूप में भी देखा।

### थिएटर, जहां सीखना कभी खत्म नहीं होता

सिरोंज सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत पं संजय मेहता के लिए रंगमंच केवल अभिनय का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन का विद्यालय है। उनका मानना है कि थिएटर से जुड़ने वाला व्यक्ति लगातार सीखता रहता है। गुरु 'बाबा कानून साहब' की परंपरा को याद करते हुए कहते हैं कि पहले थिएटर में किरदार की तैयारी और प्रस्तुति की गहराई पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जो अब कम होता जा रहा है। थिएटर कलाकार को अनुशासन, नैतिकता और संवेदनशीलता सिखाता है, जो किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए जरूरी है। किसी भी क्षेत्र में ज्ञान ही सफलता के लिए ज्ञान सबसे महत्वपूर्ण आधार है।

## नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 30 को

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से पुराने निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में महापौर संगीता सुशील तिवारी वित्तीय वर्ष 2026-27 का नगर निगम का बजट प्रस्तुत करेंगी। बैठक में परिषद के सभी पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे ।

## आबकारी विभाग टेंडर प्रक्रिया के नवें चरण के लिए कार्यक्रम आज

**सागर।** आबकारी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के नवें चरण के लिये कार्यक्रम जारी किया गया है। एकल मदिरा दुकान के लिये भी टेंडर भरे जा सकते हैं। आरक्षित मूल्य से 20% प्रतिशत कम मूल्य पर पर टेंडर भरने की सुविधा। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 29 मार्च दोपहर 2.00 बजे तक।

## भक्ति, उत्साह और जनसैलाब: रामनवमी में खुरई की सड़कों पर दिखा अद्भुत नज़ारा

**खुरई।** रामनवमी के पावन अवसर पर खुरई नगर में इस वर्ष आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। युवा संगठन समिति के तत्वाधान में निकाली गई भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा ने नगर को पूर्णतः राममय बना दिया और खुरई के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। शोभायात्रा की शुरुआत प्राचीन पुराने हनुमान मंदिर से विधि-विधान के साथ हुई। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं श्री हनुमान जी की आकर्षक एवं सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पालकी में विराजमान श्रीराम परिवार के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक अखाड़ों के हैरतअंगेज प्रदर्शन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्तिमय धुनों पर सजे डीजे ने पूरे माहौल को उत्साह और भक्ति से सराबोर कर दिया। यह विशाल शोभायात्रा झंडा चौक, मुख्य बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महाकाली टीन शेड पहुँची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे,जहाँ नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। समाजसेवियों द्वारा शीतल पेय, फलाहार एवं प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे सेवा और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। महाकाली टीन शेड में विधिवत महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण रहा कि खुरई में धर्म और आस्था के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री राम सेना समिति द्वारा प्रशासन, समाजसेवियों एवं समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया गया। उनके सहयोग और समर्पण के कारण यह आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न हो सका। यह ऐतिहासिक आयोजन एक बार फिर सिद्ध करता है कि खुरई की पावन धरती पर धर्म, एकता और सामाजिक समरसता की भावना गहराई से रची-बसी है।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों के लिए बैठक में लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा आगामी 20 अप्रैल को सागर के रुद्राक्ष धाम में आयोजित होने वाले क्षत्रिय समाज के सामूहिक कन्या दान विवाह सम्मेलन को लेकर बंडा ब्लाक क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन हुआ। क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष लखन सिंह और संरक्षक मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक में सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

इस आयोजन को लेकर जिले भर में क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित बैठकों के क्रम में बंडा में ब्लाक स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और धन संग्रह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा तथा संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्यों ने संबोधित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री, भूपेन्द्र सिंह की पहल पर क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ जनों के मार्ग दर्शन में यह सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतिबिम्ब है। इस आयोजन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को समाज के सहयोग से गरिमामयी कार्यक्रम के साथ सम्मान पूर्वक विवाह का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

# छींद धाम, हनुमान गढ़ी एवं अन्य मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव पर हुए कार्यक्रम संपन्न

हजारों भक्तों ने किए राम लला के दर्शन

भजन कीर्तन में रमें शामिल हुए श्रद्धालु, चैत्र नवरात्रि के समापन पर हुआ कन्याभोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर से 6 कि.मी. दूर छींद धाम हनुमान एवं श्रीराम दरबार मंदिर, नगर की शान प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर, राम लीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर, बड़ा बाजार स्थित श्रीराम दरबार मंदिर में हजारों हिन्दुओं की उपस्थिति में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रीराम के भक्तों की दर्शन करने, प्रसाद चढ़ाने भीड़ उमड़ती रही। दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव पर मंदिरों में शंख, आरती, भजन इत्यादि के कार्यक्रमों में श्रद्धालु, नर-नारी भावविभोर बने रहे।





### कन्या भोज कार्यक्रम

नवरात्रि के अंतिम दिवस नवमी को शक्तिधाम मंदिर, खेरापति माता मंदिर एवं अन्य देवी मंदिरों, काली मंदिर में श्रद्धालु नर-नारियों की भारी भीड़ बनी रही। नवमी पर माँ देवी दुर्गा की प्रसादी चढ़ा कर महाआरती साथ भजनों का सिलसिला बना रहा। देवी भक्तों द्वारा अपने घरों मंदिरों में कन्या भोज कर छोटी-छोटी बालिकाओं की पूजन और उपहार सामग्री प्रदान की गई।

### रमहाआरती एवं भजन संध्या-

कोरी ठाकुर मोहल्ला में विराजी माँ काली के दरबारों में नवमी की रात्रि में महाआरती कार्यक्रम में हजारों नर-नारियों की उपस्थिति रही। संगीतमयी महाआरती के बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ। शिवज्योति मंडल तिलाडिय़ा से आई मंडली द्वारा संगीतमयी भावविभोर कर देने वाले धार्मिक भजनों की देर रात्रि तक प्रस्तुतियां दी गई।

# मां काली की प्रतिमा के साथ निकली कलश शोभायात्रा

शोभायात्रा में देखने को मिला मां काली का रौद्ररूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

प्रत्येक नवरात्रि में जय महाकाल ग्रुप द्वारा वर्षो से माँ काली की स्थापना कर शक्ति की भक्ति आराधना की जाती है। नवरात्रि समापन के बाद शनिवार को माँ काली की प्रतिमा के साथ कोरी ठाकुर मोहल्ला से भव्य विशाल कलश शोभायात्रा जलूस प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा में माँ काली और राक्षसों के बीच युद्ध नृत्य का रोद्र रूप और बालिकाओं का डांडिया नृत्य और विशालकाय रीक्ष का नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

### पुरुषों के साथ महिलाओं की भागीदारी

महाकाल ग्रुप के द्वारा निकाली गई माँ काली प्रतिमा विर्षजन की शोभायात्रा में हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी सदस्य सिरों पर केशरिया पगड़ी धारण कर सम्मिलित हुए। महिलाएं सिर पर कलश लेकर और वहीं अन्य महिलाएं और युवतियां देवी मैया के भजन गाते हुए सम्मिलित हुई। नगर के प्रमुख मार्गों पर निकली माँ काली की शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत और पूजन भी किया जाता रहा।



### ज्वारों का विषर्जन

नवरात्रि महापर्व पर माँ दुर्गा की सेवा साधना शक्ति की आराधना में अखण्ड ज्योति के साथ ज्वारे बौने की प्राचीन परंपरा है। नगर के विभिन्न हिस्सों में देवी साधकों द्वारा ज्वारें बौये गए थे। नवरात्रि बाद ज्वारों के विषर्जन के लिए धूमधाम बाजे-गाजे के साथ विदाई देने दिन भर छोटे-छोटे महिला-पुरुषों के समूह सक्रिय बने रहे।

मुस्लिमों ने भी किया पुष्पवर्षा कर स्वागत

# ढोल, बाजों, ध्वज, पताकाओं और झांकियों के साथ निकला रामनवमी का चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सकल हिन्दू समाज, हिन्दू संगठनों, रघुवंशी समाज के संयुक्त प्रयासों से नगर में रामनवमी का भव्य विशाल चल समारोह निकाला गया। जयश्रीराम के उदघोष हाथों में केशरिया ध्वज पताकाओं और केशरिया पगड़ी सिर पर बांध कर लोग चल समारोह शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में श्रीराम दरबार की झांकी घोड़े का नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

### स्थान-स्थान पर स्वागत

श्रीराम लीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार में विशेष पूजन आरती के बाद श्रीराम जी की शोभायात्रा चल समारोह प्रारंभ हुआ। हिउस एवं अन्य संगठनों के साथ टाकीज़ चौराहे पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बड़ा बाजार, शक्ति धाम मंदिर, नदी रोड, पशु चिकित्सालय मार्ग, बस स्टेन्ड, मुख्य मार्ग पर दुकानदारों, सनातनी परिवारों द्वारा भगवान श्रीराम की विशेष पूजन आरती एवं शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा का नगर भृमण के बाद श्रीराम लीला मैदान में समापन और प्रसादी वितरण इत्यादि के कार्यक्रम हुए।

### श्रीराम मय हुआ नगर

नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य विशाल श्रीराम की शोभायात्रा में सम्मिलित लोग जय श्रीराम का उदघोष और हाथों में केशरिया का पताकाओं से नगर का माहौल श्रीराममय बना दिया।

# रसूखदार ने सरकारी रेशम केंद्र की जमीन पर किया कब्जा, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित इंदिरा नगर कॉलोनी, राहुल नगर और इंदिरा नगर झुग्गी बस्ती के रहवासियों को इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि एक रसूखदार व्यक्ति ने शासकीय रेशम केंद्र की जमीन पर अतिक्रमण कर आम रास्ते को बंद कर दिया।जिससे क्षेत्र के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, रेशम केंद्र रायसेन की जमीन से होकर निकलने वाला गोहे भूमि वाला पुराना आम रास्ता शनिवार को बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कस्बा पटवारी सीताराम आदिवासी द्वारा नापजोख कराए जाने के बाद सरकारी जमीन पर कब्जा जमाया गया। इस कार्रवाई से रहवासी काफी परेशान हैं।

डीजल, पैट्रोल भंडारण की प्रवृति से सप्लाई प्रभावित

# पेट्रोल, डीजल की कमी से जूझ रहे वाहन चालक, पंप संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अमेरिका, इज़रायल, ईरान युद्ध शुरु हुए लगभग एक माह हो गया है। पिछले 2-3 दिनों से डीज़ल, पैट्रोल की कमी और लॉक डाउन लगने की अफवाहों के बीच कुछ पंपों पर डीज़ल और पैट्रोल न मिलने की स्थिति भी बनी हुई है। युद्ध न जाने कब तक चलेगा। कृषि कार्यों और वाहनों को पैट्रोल, डीज़ल मिलेगा या नहीं इस शंका, कुशंका के कारण पैट्रोल, डीज़ल स्टाक करने की मनोवृति के कारण खपत कई गुना बढ़ जाने की स्थिति बनी हुई है।

डीज़ल की भारी खपत- वर्तमान समय में सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हारवेस्टरों, थ्रेसरों से गेंहू कटाई का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। चना निकालने के लिए भी गांव-गांव खेतों-खेत थ्रेसर और हारवेस्टर दिन-रात कटाई के कार्य में लगे हुए है। इनमें भारी मात्रा में डीज़ल की खपत होती है। क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मूंग की खेती होती है। ग्रीष्म कालीन मूंग की बोवनी पूर्व खेतों की जुताई किसानों द्वारा की जा रही है। जिससे समय से मूंग की बोवनी हो सके।

## वाहन चालक झेल रहे एक से दूसरे पंप पर जाने की परेशानियां



इन्ही सब कारणों से नगर से जुड़े विभिन्न मार्गो उदयपुरा रोड़, भोपाल मार्ग, पिपरिया मार्ग के लगभग एक-एक दर्जन पंपों पर कहीं डीज़ल तो कही पैट्रोल न मिलने की स्थिति से वाहन चालक एक से दूसरे पंप पर जाने-आने की परेशानियां झेल रहे है।

### टेंक भरवा रहे वाहन चालक

यह देखने का मिल रहा है कि प्रतिदिन एक-दो लीटर पैट्रोल खपत वाले दो पहिया वाहन मालिक टेंक फुल करवा रहे है। इसी प्रकार चार पहिया वाहनों के टेंक फुल करवाने की मनोवृति बनी हुई है। पिछले अनेक दिनों से सम्पन्न किसान ड्रमों में डीज़ल भरवा कर स्टोक करने सक्रिय बने हुए है। इसी के साथ अफवाहों का बाजार गर्म बना हुआ है। आवश्कता से अधिक डीज़ल, पैट्रोल का स्टाक ही शायद कृतिम अभाव का कारण बन रहा है।

**कार्यालय नगर परिषद बरेली, जिला- रायसेन म.प्र.**

Ph. 07486-230216, 9993227803 E-Mail-cmobareli@mpurban.gov.in

क्रमांक/370/न.प./2026 बरेली, दिनांक 28/03/2026

-:: दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना ::-

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र बरेली में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र 22 हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपप्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, तो दिनांक 03.04.2026 को समय सायं 05:00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण किये जाने वाले हितग्राहियों की सूची कार्यालय, नगर परिषद बरेली एवं तहसील कार्यालय, बरेली के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा की गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

| (हेमन्त राजा भैया चौधरी) | (नेपालसिंह राजपूत) | (हरिशंकर वर्मा) |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
| नगर परिषद बरेली | नगर परिषद बरेली | नगर परिषद बरेली |

### खबर संक्षेप

#### पुलिस ने किया उत्पात मचाते आरोपी गिरफ्तार

**सलामतपुर।** थाने के सुनारी रोड पर उत्पात मचा रहे युवक को ग्रामीणों की सूचना पर सलामतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक पर धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई कर सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया गया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को दोपहर के समय सलामतपुर के सुनारी रोड पर रोहित नायक पिता जगदीश नायक 31 वर्ष निवासी गुरुद्वारा के पास दीवानगंज गांव की शांति भंग कर उत्पात मचा रहा था। परेशान होकर ग्रामीणों ने थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने से पुलिस बल सुनारी रोड पर भेजा। जहां पर रोहित नायक ग़दर मचाते लड़ाई झगड़ा करते हुए मिल गया। पुलिस रोहित नायक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। और उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई करते हुए सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश कर दिया है।



#### 25 दिन से लावारिस खड़ी कार

**दीवानगंज।** फैक्ट्री चौराहा स्थित भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर करीब 25 दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना के बाद पलटी हुई कार आज भी उसी स्थान पर लावारिस हालत में खड़ी हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान कार ने तीन पलटियां खाई थीं, जिसमें कुछ लोग घायल भी हुए थे। जिसके बाद से वाहन वहीं क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद न तो पुलिस प्रशासन और न ही संबंधित विभाग ने इस कार को हटाने की कोई पहल की है।

#### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 बेरखेड़ी चौराहा के पास कौंसाखेड़ी जोड़ पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से एक घायल युवक को तत्काल निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दूसरे घायल रायसेन निवासी पप्पू को 108 एंबुलेंस की मदद से सांची सिविल अस्पताल ले जाया गया।

#### ज्ञान सागर मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने फहराया परचम

**सिलवानी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा जारी किए गए प्राथमिक व माध्यमिक परीक्षा परिणाम में नगर की शैक्षणिक संस्था ज्ञान मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने परचम फहलाते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। प्राथमिक विभाग से ऋषिका, आर्या एवं आरव ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि माध्यमिक विभाग से कीर्ति, उर्मिला एवं संध्या ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस और प्रशासनिक अमले को मोर्चा संभालना पड़ा

# अफवाहों से मचा हड़कंप: पेट्रोल पंपों के बाद गैस एजेंसियों पर भीड़, सीमित मात्रा में मिला ईंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मिडिल ईस्ट देशों में बढ़ते तनाव और युद्ध के बीच पेट्रोल, डीजल और एलपीजी आपूर्ति को लेकर फैली अफवाहों ने रायसेन जिले में हड़कंप मचा दिया। बुधवार गुरूवार को पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़ के बाद गुरुवार को शहर की दोनों गैस एजेंसियों पर भी लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। जिले की गैस एजेंसियो पर भी कमोवेश कुछ ऐसे ही हालात बने हुए हैं। अफवाहों के असर से लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन और गैस सिलेंडर लेने के लिए पहुंचने लगे। जिससे कई जगह अव्यवस्था की स्थिति बन गई।

शहर के सभी नौ पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर सुबह से ही वाहनों की कतारें लग गईं। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर भी पहुंच गए। हालात ऐसे बने कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर पुलिस और प्रशासनिक अमले को मोर्चा संभालना पड़ा।

पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की तैनाती की। कुछ पेट्रोल पंपों पर मौके पर ही राजस्व और पुलिस अमले को लगाया गया। ताकि किसी तरह की अफरा-तफरी न फैले। जिला प्रशासन की निगरानी में कई स्थानों पर सीमित मात्रा में ईंधन वितरण कराया गया। जानकारी के अनुसार कुछ पंपों पर 200 से 500 रुपये तक पेट्रोल देने की व्यवस्था की गई। ताकि अधिक से अधिक लोगों को ईंधन उपलब्ध कराया जा सके।

उधर, नगर की दोनों गैस एजेंसियों पर भी दबाव बढ़ने के बाद संचालकों ने स्थिति स्पष्ट की कि एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक सूचनाओं के कारण लोग घबराहट में गैस एजेंसियों तक पहुंचते रहे। एजेंसी संचालकों का कहना है कि घबराहट में की जा रही अतिरिक्त खरीद से ही अनावश्यक दबाव बन रहा है।

#### अफवाह से रहें सावधान

रायसेन शहर में नौ पेट्रोल पंप है। एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि अफवाहों से सावधान रहें। बताया जा रहा है कि ऐसी झूठीअफवाह फैल रही है कि डीजल पेट्रोल का पेट्रोल पंपों पर कमी आने वाली है। बस क्या फिर पेट्रोल पंपों पर कैन मिनी कुप्पी में डीजल पेट्रोल भरवाने भीड़ बढ़ने लगी है। सांची फ्यूल पेट्रोल पंप एमएच ब्रदर्स पेट्रोल पंप और इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर डीजल - पेट्रोल लेने के लिए कतारें लगने लगी है। एमएच ब्रदर्स पेट्रोल पंप के मालिक महबूब हुसैन ने बताया कि शनिवार को सुबह 15,485 लीटर डीजल और 10,498 लीटर पेट्रोल का कोटा उपलब्ध है। डीजल पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। चिंता की कोई बात नहीं है।इसके बाद भी प्रतिदिन एक गाड़ी डीजल पेट्रोल के लेने के लिए भोपाल डिपो रवाना हो रही है। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के मैनेजर परवेज खान ने बताया कि हमारे यहां भी पर्याप्त मात्रा में डीजल पेट्रोल उपलब्ध है अभी दो दिन पूर्व जरूर समस्या खड़ी हो गई थी क्योंकि इटारसी इंडियन ऑयल डिपो से डीजल पेट्रोल आता है।वहां थोड़ी कमी आने की वजह से एक-दो दिन गाड़ी रायसेन नहीं पहुंची। फिलहाल आज स्थिति में सुधार है। सांची फ्यूल पेट्रोल पंप और पटेल फ्यूल पेट्रोल पंप और आयशर पेट्रोल पंप बम्होरी के मालिक संजीत संजीत संजू जाट ने बताया कि पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है।





#### जिला-प्रशासन ने किया आगाह

*जिला प्रशासन के एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडले ने साफ किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है। किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन और गैस लें तथा अनावश्यक भीड़ न करें।*

#### कोरी अफवाह...

फिलहाल केंद्र सरकार की गैस सिलेंडर बदलाव की गाइड लाइन का पत्र जिला फूड विभाग में नहीं आया है। जिले में डीजल पेट्रोल और रसोईगैस किल्लत नहीं है। कोरी अफवाहों से सावधान रहें उपभोक्ता।

**राजू कातुलकर**
जिला फूड अधिकारी रायसेन

#### सरकार ने सिर्फ उपभोक्ताओं को लाइनों में किया खड़ा

कांग्रेसियों ने पिछले दिनों शहर के महामाया चौक के करीब केंद्र की मोदी सरकार की एलपीजी गैस सिलेंडरों की नई गाइडलाइन और नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार भरत सिंह मंडले को ज्ञापन भी सौंपा था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जीसी गौतम का कहना है कि भाजपा सिर्फ लोगों को अब लाइनों में खड़ा करने का काम कर रही है। हालांकि पहले उपभोक्ताओं को 15 किलो गैस सिलेंडर में सप्लाई होती थी। अब नई गाइडलाइन, नीति के तहत लोगों को अब सिर्फ 10 किलो गैस उपलब्ध कराई जाएगी। ऑनलाइन सिलेंडर बुकिंग के पश्चात एक महीने में पहले एक सिलेंडर के देने के सिस्टम बनाए गए थे। अब 35 दिनों में 10 किलो गैस ही मिलेगी. यह गैस उपभोक्ताओं के साथ नाइंसाफी है केंद्र सरकार को नीति में फिर से बदलाव करना चाहिए। रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कांग्रेस नेता हकीम उद्दीन मंसूरी ने बताया कि केंद्र सरकार उपभोक्ताओं के साथ सिर्फ छलावा कर रही है। बल्कि उन्हें सुविधाएं कम दे रही है।यह सरासर गलत और नियम विरुद्ध है। पार्टी के प्रवक्ता जावेद अहमद खान का कहना है कि पहले गैस की किल्लत बनी हुई थी लेकिन अब पेट्रोल डीजल की भी कीमत बढ़ने के साथ किल्लत बढ़ने लगी है।

## एक्सीडेंट के बाद ट्रक से 12 बोरी गेहूं चोरी, सलामतपुर पुलिस खाली हाथ

### शातिर चोर एक होटल के सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

हाईवे-18 पर बैरखेड़ी चौराहे के पास दो दिन पहले हुए ट्रक-कार एक्सीडेंट के बाद अब इस मामले में नया मोड़ सामने आया है। हादसे के बाद गेहूं से भरे ट्रक से 12 बोरी गेहूं चोरी कर लिए गए। आरोप है कि कार सवार युवक अपनी दूसरी स्कॉर्पियो में बोरी भरकर मौके से फरार हो गए।

चोरी की पूरी वारदात पास के एक होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 8147 में 530 बोरी गेहूं लोड था, जिसे विदिशा से इंदौर ले जाया जा रहा था। ट्रक प्योर ईट इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के संचालक राहुल अग्रवाल का बताया जा रहा है। यह माल करीब 9 लाख रुपए का था। जिसे एबी रोड डगचिया इंदौर स्थित अरमानिया कंपनी के लिए भेजा गया था।बताया गया है कि दो दिन पहले ट्रक चालक रनछोड़ चौहान के वाहन से नेक्सन कार (एमपी11 सीसी-6414) की टक्कर हो गई थी। हादसे में कार सवार 3 से 4 युवक बाल-बाल बच गए।लेकिन उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी बीच, आरोप है कि कार सवार युवकों ने पीछे आ रही अपनी दूसरी स्कॉर्पियो की मदद से ट्रक की तिरपाल हटाई और उसमें से 12 बोरी गेहूं चोरी कर लिए। चोरी गए गेहूं की कीमत करीब 20 हजार बताई जा रही है। यह पूरी घटना पास के एक होटल के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज सामने आने के बाद सलामतपुर पुलिस हरकत में आई।



## हिंदी विषय के कम वैल्यूअर से पिछड़ रहा बोर्ड परीक्षा कॉपियों का मूल्यांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के पाटनदेव स्थित शासकीय ( एक्सीलेंस)उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन में इन दिनों बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र में दसवीं और बारहवीं बोर्ड कक्षाओ की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। हालांकि हिंदी विषय में वैल्यूअर (मूल्यांकनकर्ता) कम होने के कारण कॉपियों की जांच की रफ्तार धीमी बनी हुई है। जिससे समय पर मूल्यांकन पूरा होने को लेकर चिंता बढ़ गई है।

स्कूल प्राचार्य स्वाति चौहान से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक दसवीं कक्षा की 59 प्रतिशत तथा बारहवीं कक्षा की 79 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। 318 शिक्षक मूल्यांकन कार्य में लगे हुए हैं।दसवीं बोर्ड में 25 हजार 155 ,12 वीं 8 हजार 415 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है।रोजाना सात से आठ सौ कॉपियां जांची जा रही हैं।

मूल्यांकन केंद्र प्रभारी श्रीमती चौहान के नेतृत्व में यह कार्य विभागीय अधिकारियों की निगरानी में संचालित हो रहा है। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा डीईओ डीडी रजक भी मूल्यांकन कार्य का दो मर्तबा निरीक्षण कर चुके हैं।



बताया गया है कि इस बार मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी से शुरू हुआ था। सिर्फ पैंतीस रोज़ में ही मूल्यांकन कार्य निपटाना होता है। मूल्यांकन कार्य शुरू हुए 32 दिन बीत चुके हैं।शुरुआती चरण में बोर्ड परीक्षाएं जारी रहने के कारण कई शिक्षक परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त थे।जिससे मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ। बाद के चरणों में जैसे-जैसे परीक्षाएं समाप्त हुईं, शिक्षक केंद्र पर पहुंचकर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में जुटे। इसके बावजूद हिंदी विषय में पर्याप्त वैल्यूअर उपलब्ध नहीं होने से कार्य अपेक्षाकृत पीछे चल रहा है।

#### दसवीं कक्षा की कॉपियों को लेकर अधिक चिंता

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य श्रीमती स्वाति चौहान के अनुसार, दसवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अभी भी चुनौती बना हुआ है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इनमें विशेष रूप से राजनीति शास्त्र, भूगोल, हिंदी और कृषि समूह की कॉपियां ज्यादा बची हुई हैं। इनमें दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की हिंदी विषय के वैल्यूअर संख्या की कमी के चलते मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो रहा है।

## छह महीने में उजाड़ 'मां के नाम' बगिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सिलवानी तहसील के चैनपुर में वन विभाग द्वारा विस्तार वानिकी योजना और 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत चैनपुर स्कूल परिसर में करीब छह महीने पहले बड़े स्तर पर पौधरोपण कराया गया था, लेकिन अब हालत यह है कि वहां हरियाली की जगह सिर्फ सूखे पौधों के डंठल नजर आ रहे हैं। पौधों की देखरेख नहीं होने से पूरी बगिया लगभग उजड़ चुकी है। इस पौधरोपण अभियान में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, तत्कालीन एसपी पंकज पांडे सहित शिक्षा विभाग वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी वनकर्मियों की टीम भी उपस्थित रही।



ग्रामीणों का आरोप है कि पौधरोपण के समय तो जिम्मेदार अधिकारियों ने अभियान को खूब प्रचारित किया। लेकिन उसके बाद पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। समय-समय पर निगरानी नहीं होने से लगाए गए अधिकांश पौधे सूख गए। बाकी पौधों को आवारा पशु चर गए। अब मैदान में केवल सूखे तने और खाली गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।

## सांदीपनि स्कूल की कनिका टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्साहजनक रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर बाजी मारी है। कनिका और मोनिका ने किया टॉप कक्षा 8वीं में कनिका अहिरवार ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 5वीं में मोनिका वंशकार ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों ही कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई।



कक्षा 8वीं में कनिका अहिरवार, अभिजीत वंशकार, आरती प्रजापति, नित्या ठाकुर और श्रीजीत गौर ने 'ए-प्लस' ग्रेड हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 5वीं में मोनिका वंशकार, आरोही मीना, डिंपल साहू, गोविंद कुशवाहा और निकिता उइके ने 'ए-प्लस' ग्रेड प्राप्त की।

### लाखों का हुआ नुकसान, फायर ब्रिगेड की कमी पर फिर उठे सवाल

# वेलस्पन कंपनी के कोटिंग प्लांट में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

रायसेन जिले के दीवानगंज क्षेत्र में बीती रात एक बड़ा आगजनी हादसा सामने आया। दीवानगंज के पास खेजड़ा जमुनिया पहाड़ी पर स्थित वेलस्पन कंपनी के कोटिंग प्लांट में रात करीब 10 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि उसकी ऊंची-ऊंची लपटें और आग के शोले कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। घटना के बाद आसपास के गांवों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही बालमपुर एयरफोर्स की दो फायर ब्रिगेड तथा भोपाल से चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। फैक्ट्री में मौजूद अग्निशमन संयंत्रों की मदद से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक आग की चपेट में आकर प्लांट में रखा उपकरण, मशीनरी और रॉ मैटेरियल जलकर राख हो गया। प्रारंभिक तौर पर इस हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि आग अज्ञात कारणों से लगी। जिसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से नुकसान का आकलन और जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है।

इस घटना के बाद एक बार फिर दीवानगंज क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की स्थायी व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा गरमा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई वर्षों से क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की मांग कर रहे हैं। लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका आरोप है कि जब भी आगजनी की घटना होती है, तब सांची या रायसेन से दमकल पहुंचने में करीब एक घंटा लग जाता है। ऐसे में जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती है। तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है।

ग्रामीणों ने बताया कि तेज गर्मी की शुरुआत होते ही इलाके में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इससे पहले कुलहाड़िया, नरखेड़ा, अंबाड़ी, मुस्काबाद और कायमपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में भी आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। हर साल आग लगने से किसानों की फसलें जलकर राख हो जाती हैं। वहीं जंगलों की वनस्पति और पर्यावरण को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दीवानगंज चौकी पर स्थायी फायर ब्रिगेड तैनात की जाए। ताकि भविष्य में आगजनी की घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके।

## महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

### अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सिलवानी ने शनिवार को शासकीय महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य मनोहर लाल पंथी के नाम ज्ञापन सौंपा। परिषद के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए जल्द सुधार की मांग की है।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीर समस्या उठाई गई। छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय में स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त सुविधा नहीं है, इसलिए आरओ सिस्टम लगाने की मांग की गई है। इसके अलावा महाविद्यालय के फर्श और शौचालयों की मरम्मत, टीन शेड निर्माण, ई.लाइब्रेरी की स्थापना तथा छात्रों के लिए पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई।



छात्रों ने कक्षाओं के समय पर संचालन, खराब फर्नीचर को हटाकर नए फर्नीचर की व्यवस्था करने की आवश्यकता भी जताई। परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया में केवल एटीएम के माध्यम से फीस जमा होने पर भी आपत्ति जताई गई। परिषद ने मांग की कि जन भागीदारी समिति खाते के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से एमपी ऑनलाइन पोर्टल से फीस जमा करने की सुविधा दी जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को परेशानी न हो।